**Celebration of IDBI Bank's 60th Foundation Day at Babu Anant Ram Janta College, Kaul**

**01-10-2024**

The 60th Foundation Day of IDBI Bank was celebrated with great enthusiasm at Babu Anant Ram Janta College, Kaul, Kaithal. On this occasion, more than 100 fruit-bearing saplings were planted in the college premises under the auspices of IDBI Bank and with the invaluable support of Assistant General Manager Shri Rajendra Singh.

Such initiatives foster a sense of responsibility among students, faculty, and the community, paving the way for a greener future. The college and IDBI Bank aim to continue working together for similar initiatives in the future.

दैनिक भास्कर कैथल भास्कर 04-10-2024

## वर्तमान समय में हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए: राजेंद्र सिंह



पौधा रोपण करते हुए सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह व प्राचार्य।

ढांड | बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में आईडीबीआई बैंक के सहयोग से पौधारोपण किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर बैंक के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने की। प्राचार्य ने बताया कि कालेज प्रांगण में सौ से अधिक फलदार पौधे रोपित किए गए। राजेंद्र सिंह ने कहा कि मैं इस महाविद्यालय का छात्र रहा हूं। मैं अपने शिक्षकों का सच्चे मन से सम्मान करता हूं। उनके द्वारा दी गई शिक्षा व प्रेरणा से ही मैं अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने पौधारोपण के बारे में कहा कि हमें वर्तमान समय में अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए और उनकी देखरेख भी करनी चाहिए। उन्होंने सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

## आईडीबीआई बैंक ने धूमधाम से मनाया सातवां स्थापना दिवस

## जनता कालेज कौल में किया पौधारोपण

**हाड़ौती अधिकार**

कैथल, 03 अक्टूबर। जनता महाविद्यालय कौल में आईडीबीआई बैंक ने अपना सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि आईडीबीआई बैंक के सौजन्य से और सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह के सहयोग से कॉलेज प्रांगण में सौ से अधिक फलदार पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक चंडीगढ़ जोन के जोनल हेड रवि नारायण पात्रा ने चंडीगढ़ जोनल कार्यालय से तरंग पटल के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों एवं ग्राहकों को बैंक के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और अभिनंदन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बैंक द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी दी व सरकार द्वारा बैंक ग्राहकों को दी जाने वाली समस्त प्राथमिकताओं, मूलभूत सुविधाओं व बैंक द्वारा प्रदत्त योजनाओं के बारे में अवगत भी कराया। सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र सिंह ने कहा कि मैं इस महाविद्यालय का छात्र रहा हूं। मैं अपने शिक्षकों का सच्चे मन से सम्मान करता हूं। उनके द्वारा दी गई शिक्षा व प्रेरणा से ही मैं अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए राजपाल सेवानिवृत, जिला शिक्षा अधिकारी, धर्मपाल खंड शिक्षा अधिकारी का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आज राजेंद्र सिंह के सहयोग से आम, अमरूद, जामुन, आलू बुखारा, लीची, शहतूत, अंजीर, आदि फलदार पौधे रोपित किए हैं।



कैथल के जनता कॉलेज कौल में पौधारोपण करते हुए राजेन्द्र और डा. ऋषिपाल।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उप प्रधान चौधरी कंवर सिंह, महासचिव करण सिंह, कार्यकारिणी के सदस्यगण व सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक उपस्थित रहे।